लोक सभा अध्यक्ष ने संसद भवन परिसर में आईआईएमयूएन प्रतिनिधिमंडल को संबोधित किया

...

भारत की संसद भारत के 140 करोड़ लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करती है: लोक सभा अध्यक्ष

...

विश्व को भारत से बहुत कुछ सीखना है: लोक सभा अध्यक्ष

...

संविधान सरकार और संसद के हर फैसले का मार्ग प्रशस्त करता है: लोक सभा अध्यक्ष

...

नई दिल्ली; 09 मई, 2024: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज संसद भवन परिसर में आईआईएमयूएन से जुड़े युवा छात्रों के एक प्रतिनिधिमंडल को संबोधित किया।

इस अवसर पर बोलते हुए, श्री बिरला ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र समय की कसौटी पर खरा उतरा है और विश्व का मार्ग प्रशस्त करता रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की संसद देश के 140 करोड़ लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करती है और उनकी समस्याओं और मुद्दों का समाधान प्रदान करती है।

भारतीय लोकतंत्र की ऐतिहासिक यात्रा का उल्लेख करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि प्राचीन काल से, भारतीय लोकतंत्र समृद्ध रहा है और हमारे लोगों की प्रगति और विकास सुनिश्चित करने के लिए अग्रिम भूमिका निभाता रहा है। उन्होंने कहा कि दुनिया को भारत से बहुत कुछ सीखना है, जो न केवल विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है बल्कि यह भी सुनिश्चित करता है कि विविधता और लोकतंत्र के मूल्य हमारे सभी कार्यों में व्याप्त हों।

भारत के संविधान के विषय में बोलते हुए, श्री बिरला ने कहा कि संविधान सरकार और संसद के हर फैसले को दिशा देता है। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान प्रत्येक भारतीय के अधिकारों की रक्षा करता है और समाज के सबसे कमजोर सदस्यों के लिए न्याय सुनिश्चित करता है। संवैधानिक मूल्यों के प्रति प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मजबूत प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि मोदी जी की पहल पर युवाओं के लिए देश भर में 'अपने संविधान को जानें' कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। श्री बिरला ने संविधान में निहित कर्तव्यों पर भी जोर दिया और युवाओं से अपनी सर्वोत्तम क्षमताओं के साथ अपने संवैधानिक कर्तव्यों को पूरा करने का आह्वान किया।

भारत की युवा शक्ति के विषय में बोलते हुए, श्री बिरला ने आशा व्यक्त की कि प्रधान मन्त्री श्री नरेंद्र मोदी के 2047 में विकसित भारत के सपने को भारत के युवा ही पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ-साथ नवाचार और शोध के माध्यम से हमारे युवा भारत को दुनिया में सबसे आगे ले जाएंगे। चुनावी प्रक्रिया के प्रति युवाओं के उत्साह को देखते हुए, श्री बिरला ने कहा कि युवा मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए और लोकतंत्र को सदृढ़ करना चाहिए।

विश्व में भारत के बढ़ते कद के विषय में बोलते हुए श्री बिरला ने कहा कि आज प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत पूरी दुनिया के लिए एजेंडा तय कर रहा है। उन्होंने कहा कि वसुधैव कुटुंबकम की भावना विश्व मंच पर भारत के सभी कार्यों में रची बसी है। अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन जैसी वैश्विक पहल का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि भारत जलवायु परिवर्तन शमन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है।